भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 19.08.2023

आरेडिका के पार्को का सौन्दर्यीकरण एवं वृक्षारोपण।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में पार्क सौन्दर्यीकरण एवं वृक्षारोपण अभियान के तहत टाइप–2 के 10 पार्को को महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने सौन्दर्यीकरण के पश्चात लोकार्पण किया एवं कॉलोनी की महिलाओं ,बच्चों एवं अधिकारियों के साथ पार्क में वृक्षारोपण में सहभागिता की।

इसी के साथ–साथ प्रशासनिक भवन परिसर में 100 नारियल एवं 200 अन्य पौधों का रोपण कार्य किया गया।

टाइप–2 के पार्क में लगी सुविधाओं को देख कर बच्चों ने खुशी जाहिर की तथा महाप्रबंधक महोदय का आभार जताया, महाप्रबंधक महोदय ने बच्चों से बात–चीत की।

यह पार्क सौन्दर्यीकरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रधान मुख्य अभियंता श्री राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। श्री अग्रवाल ने बताया कि महाप्रबंधक महोदय ने आवासीय परिसर के सभी पार्कों के सौन्दर्यीकरण एवं वृक्षारोपण का आदेश दिया है। जिसके तहत पार्कों में बच्चों के खेल–कूद के उपकरण झूला, बैठने की सीट इत्यादि लगाए गए हैं। जिससे बच्चों को मनोरंजन के साधन उनके घर के पास ही मिल सकें।

इसी कड़ी में आगे महाप्रबंधक महोदय से कॉलोनी की महिलाओं ने पेड़ों को पानी देने के लिए वाटर पॉइन्ट, गार्डनरी एवं किचिन गार्डन प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कार को आरम्भ करने के लिए निवेदन किया, महाप्रबंधक महोदय ने सुझाव को सराहा एवं संबंधित विभागों को पुरस्कार प्रारम्भ करने को निर्देशित किया। टाइप–2 के 10 पार्को सौन्दर्यीकरण एवं वृक्षारोपण के लिए महाप्रबंधक महोदय ने सिविल विभाग के लिए नगद पुरस्कार की घोषणा की।

इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री एस के कटियार, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री राजीव खण्डेलवाल प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता श्री हरीश चंद्र, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अमर नाथ दूबे प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री रमेश चंद्र सहित उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

19.8.2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी